भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1735
सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बुंदेलखंड में पर्यटन विकास

1735. कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बुंदेलखंड में पर्यटन के विकास हेतु कोई प्रयास किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान सर्जित हुए रोजगार के अवसरों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन के विकास की जिम्मेदारी मुख्यतः राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रसाद)' योजनाओं के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों आदि को केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। परियोजनाओं को संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी की गई निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृत किया जाता है। इन योजनाओं के अंतर्गत बुंदेलखंड क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने बुंदेलखंड सहित देश में स्वदेश दर्शन योजना के माध्यम से सृजित रोजगार के आंकलन के लिए कोई अध्ययन नहीं किया है, हालांकि राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) द्वारा जुलाई, 2019 में स्वदेश दर्शन योजना का एक तृतीय पक्ष मूल्यांकन किया गया था; जिसमें कहा गया है कि 'स्वदेश दर्शन योजना' निर्माण चरण में स्थानीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसरों को बढ़ाने और रोजगार सृजन में सक्षम है।

*****

अनुबंध

बुंदेलखंड में पर्यटन विकास के सम्बन्ध में दिनांक 13.02.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1735 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

(क) स्वदेश दर्शन योजना के तहत मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
मध्य प्रदेश			
1	वन्यजीव परिपथ/ 2015-16	पन्ना- मुकुंदपुर- संजय- दुबरी- बांधवगढ़- कान्हा- मुक्की- पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास	92.10
2	बौद्ध परिपथ/ 2016-17	सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास	74.02
3	विरासत परिपथ/ 2016-17	ग्वालियर – ओरछा – खजुराहो – चंदेरी – भीमबेटका – मांडू का विकास	89.82
4	इको परिपथ/ 2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ाघाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास	93.76
उत्तर प्रदेश			
1	बौद्ध परिपथ/ 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89
2	रामायण परिपथ/ 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45
3	आध्यात्मिक परिपथ/ 2016-17	अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास	71.91
4	आध्यात्मिक परिपथ/ 2016-17	बिजनौर - मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अंबेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चंदौली-मिश्रिख-भदोही का विकास	67.51

5	विरासत परिपथ/ 2016-17	कालिंजर किले (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) – महुआर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	33.92
6	रामायण परिपथ/ 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21
7	आध्यात्मिक परिपथ / 2018-19	जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास	12.03
8	आध्यात्मिक परिपथ / 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाष्णी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30

(ख) प्रशाद योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
मध्य प्रदेश			
1	2017-18	ओंकारेश्वर का विकास	43.93
2	2020-21	अमरकंटक का विकास	49.99
उत्तर प्रदेश			
1	2014-15	मेगा टूरिस्ट सर्किट के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास (चरण -II)	10.98
2	2014-15	वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण।	9.36
3	2015-16	वाराणसी का विकास - चरण - I	20.40
4	2017-18	गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन	9.02
5	2017-18	प्रशाद योजना के तहत वाराणसी का विकास – चरण II	44.60
6	2018-19	गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विकास	39.74

*****